श्रीलालबहादुरशास्त्रीराष्ट्रियसंस्कृतविश्वविद्यालयः

(केन्द्रीयविश्वविद्यालयः)

बी–4, कुतुबसांस्थानिकक्षेत्रम्, नवदहेली–16

पाण्डुलिपिविज्ञान–लिपिविज्ञानकार्यशाला

(दिनाङ्कः 13.03.2023 – 22.03.2023)

प्रतिवेदन

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आधुनिक विद्यापीठ के अन्तर्गत शोधविभाग द्वारा आयोजित दस दिवसीया "राष्ट्रिया पाण्डुलिपिविज्ञान–लिपिविज्ञानकार्यशाला" का आयोजन दिनाङ्क 13/03/2023 से 22/03/2023 तक किया गया। कार्यशाला में निम्नलिखित 06 विद्वानों ने अधोलिखित विभिन्न विषयों पर व्याख्यान एवं प्रशिक्षण कार्य किया। इस कार्यशाला में विश्वविद्यालय में सत्र 2022–23 में पंजीकृत विद्यावारिधि के सत्रीय पाठ्यक्रम के शोधच्छात्रों ने विशेष रूप से प्रतिभाग किया।

दिनांक	व्याख्यानकर्ता	विषय
13.03.2023 (प्रथम सत्र– उद्‌घाटन)	1.प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र	पाण्डुलिपिविज्ञानस्य परिचयः महत्त्वमुपयोगिता च
	2. डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	लिपीनां परिचयः ऐतिह्यं च
13.03.2023 (द्वितीय सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	ब्राह्मीलिपिपरिचयः
14.03.2023 (प्रथम सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	शारदालिपिपरिचयः
(द्वितीय सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	ग्रन्थलिपिपरिचयः
15.03.2023 (प्रथम सत्र)	प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्र	पाण्डुलिपिविज्ञाने पारिभाषिकपदानां परिचयः
(द्वितीय सत्र)	प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्र	हस्तलेखेषु दोषकारणानि तेषां परिहारोपायाश्च
16.03.2023 (प्रथम सत्र)	प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र	वंशवृक्षनिर्माणक्रमः
(द्वितीय सत्र)	प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र	शोधप्रकाशननैतिकता
17.03.2023 (प्रथम सत्र)	1. डॉ. विरेन्द्र बांगडू	चित्रात्मकपाण्डुलिपीनां स्वरूपं महत्त्वञ्च
(द्वितीय सत्र)	2. प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र	भारतवर्षे लेखनकलायाः ऐतिह्यम्
18.03.2023 (प्रथम सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	लिपीनामभ्यासः
(द्वितीय सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	लिप्यन्तरणम्
19.03.2023 (प्रथम सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	शारदालिपि–पाण्डुग्रन्थपाठः अभ्यासश्च
(द्वितीय सत्र)	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा	ग्रन्थलिपि–पाण्डुग्रन्थपाठः अभ्यासश्च
20.03.2023 (प्रथम सत्र)	प्रो. बी.के.भट्ट (ऑनलाइन)	पाठालोचनम्
(द्वितीय सत्र)	प्रो. शिवशङ्कर मिश्र	पाण्डुग्रन्थानां संरक्षणोपायाः
21.03.2023 (प्रथम सत्र)	प्रो. बी.के.भट्ट (ऑनलाइन)	पाठालोचनसिद्धान्तः
(द्वितीय सत्र)	प्रो. बी.के.भट्ट (ऑनलाइन)	रामायणमहाभारतयोः समीक्षात्मकसंस्करणं तस्य वैशिष्ट्यञ्च
22.03.2023 (प्रथम सत्र)	1. प्रो. बी.के.भट्ट (ऑनलाइन)	शोधक्षेत्रे साहित्यिकचौर्यं तस्य परीक्षणोपकरणानि
(द्वितीय सत्र– सम्पूर्ति)	2. प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री	विशिष्टव्याख्यानम्

कार्यशाला का उद्‌घाटन कार्यक्रम विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र के मुख्यातिथित्व तथा इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली के डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा के सारस्वत अतिथित्व एवं विश्वविद्यालय के आधुनिक विद्यापीठ प्रमुख प्रो. सविता शर्मा की विशेष उपस्थिति में वाचस्पति सभागार में सम्पन्न हुआ। उद्‌घाटन सत्र में अतिथियों का स्वागत प्राकृतविभागाध्यक्ष प्रो. सुदीप कुमार जैन ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन शोधविभाग की शोधसहायिका श्रीमती तरुणा अवस्थी ने किया।

शोधच्छात्रों ने वैदिक एवं पौराणिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। उद्घाटन सत्र का संचालन शोधविभागाध्यक्ष प्रो. शिवशङ्कर मिश्र ने किया। इस कार्यशाला में प्रतिदिन 90-90 मिनट के दो विशिष्ट व्याख्यान विशेषज्ञों द्वारा प्रस्तुत किये गये।

कार्यशाला का समापन कार्यक्रम विश्वविद्यालय के आधुनिक विद्यापीठ प्रमुख प्रो. सविता शर्मा की अध्यक्षता में, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति के मुख्यातिथित्व में, विश्वविद्यालय के दर्शनपीठ प्रमुख प्रो. केदार प्रसाद परोहा के विशेष उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समापन कार्यक्रम का संचालन शोधविभागाध्यक्ष प्रो. शिवशङ्कर मिश्र ने किया। समापन समारोह के अतिथियों का स्वागत भाषण शोधसहायिका श्रीमती तरुणा अवस्थी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन शोधविभाग के प्रूफ रीडर डॉ. जीवन कुमार भट्टराई ने किया। सम्पूर्ति सत्र में तीन प्रतिभागियों ने दस दिवसीय कार्यशाला का अनुभव कथन प्रस्तुत किया। समापन कार्यक्रम में छात्रों को कार्यशाला के प्रमाण पत्र मुख्यातिथि प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, अध्यक्षा प्रो. सविता शर्मा, दर्शनपीठ प्रमुख प्रो. केदार परोहा, शोधविभागाध्यक्ष प्रो. शिवशङ्कर मिश्र ने प्रदान किये। इन दोनों अवसरों पर विश्वविद्यालय के आचार्यगण अन्य छात्र उपस्थित रहे, कार्यशाला के सफल संयोजन में शोधविभाग की शोधसहायिका श्रीमती तरुणा अवस्थी एवं प्रूफ रीडर डॉ. जीवन कुमार भट्टराई ने पूर्ण सहयोग किया। कार्यशाला के समस्त व्याख्यान सारस्वतसाधना सदन के तृतीय तल के कक्ष सं. 301 में आयोजित किये गये।

उक्त कार्यशाला का संयोजन शोधविभागाध्यक्ष प्रो. शिवशङ्कर मिश्र द्वारा सम्पन्न किया गया।

(प्रो. शिवशङ्कर मिश्र)
शोधविभागाध्यक्ष